दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर 273009

पत्रांक सं० : 02 /लेखा/2025

दिनांक 03/01/2025

सेवा में,

1. समस्त विभागाध्यक्ष, दी0उ0उ0गो0वि0वि0, गोरखपुर
2. केन्द्रीय/समन्वयक मूल्यांकन केन्द्र, दी0उ0उ0गो0वि0वि0,गोरखपुर

विषयः उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन एवं अन्य परिश्रमिक देयकों के भुगतान समर्थ पोर्टल के माध्यम से किये जाने हेतु सम्बन्धित विवरण उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

1. उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन, प्रश्न पत्र निर्मित करने, प्रायोगिक परीक्षा एवं विभिन्न बैठकों आदि से सम्बिन्धित पारिश्रमिक देयकों का भुगतान समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रक्रियागत किया जाना है।
2. समस्त महाविद्यालयों के शिक्षकों द्वारा किये जा रहे मूल्यांकन संबंधी समस्त पारिश्रमिक एवं यात्रा भत्ता के देयकों पर स्पष्ट रूप से **बैंक विवरण, पैन नम्बर, मोबाइल नम्बर, ई0मेल0 आई0डी0, विश्वविद्यालय/महाविद्यालय का पूरा नाम व पता** अंकित किया जाना आवश्यक है।
3. समस्त देयकों पर उत्तर पुस्तिकाओं की कुल **अंकित संख्या एवं धनराशि वाले स्थान पर ही समन्वयक, केन्द्राध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष द्वारा मुहर सहित सत्यापन** किया जाना आवश्यक है।
4. समस्त देयकों पर **उ0पु0 की संख्या एवं धनराशि अंकित करते हुये किसी भी तरह की लेखन संबंधी त्रृटि का परीक्षण एवं सत्यापन** करने के उपरान्त ही देयकों को भुगतान हेतु प्रेषित किया जाय।
5. **समस्त देयकों पर स्पष्ट रूप से वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा का उल्लेख करना अनिवार्य है।**

अतः उपरोक्त वर्णित विवरण को संबंधित देयक पर यथा स्थान अंकित कर पृथक–पृथक करते हुये सुची एवं अग्रसारण पत्र के साथ समर्थ पोर्टल के माध्यम से पत्रावली यथाशीघ्र प्रेषित करने का कष्ट करें। जिससे भुगतान समर्थ पोर्टल के माध्यम से ससमय कराया जा सके।

वित्त अधिकारी

पत्रांक सं - 02(3)/लेखा/2025 **तद्दिनांक**

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1. परीक्षा नियंत्रक, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर।
2. कुलसचिव, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर।
3. प्रभारी, आई0टी0सी0 सेल डी0डी0यू0 वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
4. प्रभारी/सचिव कुलपति मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

वित्त अधिकारी